# हाथ बढाकर मांग लो भक्तों | by Sunil Sarvottam

हाथ बढ़ा के मांग लो भक्तों बनेंगे सारे काम जी
बाँट रहे हैं आज मुरारी खाटूवाले श्याम जी
लाखों भक्त शरण में आये इनकी सुबह शाम जी
बाँट रहे हैं आज मुरारी खाटूवाले श्याम जी

निर्धन को देते हैं माया रोगी को दे निर्मल काया
सूनी गोदी भरते हैं वो जो भी सच्चे मन से आया
उसकी बल्ले बल्ले कर दी जिसने चढ़ाया निशान जी
बाँट रहे हैं आज मुरारी खाटूवाले श्याम जी

बहुत निराली शक्ति इनकी बहुत निराले बाण जी
मानवता की खातिर देखो किया शीश का दान जी
नंदलाला से मिला है इनको बाबा श्याम का नाम जी
बाँट रहे हैं आज मुरारी खाटूवाले श्याम जी

सारे भक्तों का है प्यारा ऐसा बाबा श्याम हमारा
हारे का वो बने सहारा ऐसा बाबा श्याम हमारा
इनके चरणों में भक्तों का सौ सौ बार प्रणाम जी
बाँट रहे हैं आज मुरारी खाटूवाले श्याम जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%ac%e0%a4%a2%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%82-by-sunil-sarv/